भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 06.12.2024

## आरेडिका में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन।

आज दिनांक 06.12.2024 को आरेडिका रायबरेली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर की चित्र प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई ।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन विशाल एवं विराट था। बाबा साहब समाज सुधारक, जातिवाद उन्मूलक, राष्ट्र नायक थे। वे मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होने देश का संविधान निर्मित कर लोगों को स्वतंत्रता, समानता, और बन्धुता के साथ गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया।

एससी/एसटी एसोसिएसन के जनरल सैकेट्ररी देवनाथ निर्मल, के द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन उनके संघर्षों, योगदान, और बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब महामानव थे एवं स्त्री शिक्षा के हिमायती थे।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवके खरे, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, एससी/एसटी एसोसिएसन एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी, यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

06/12/2024
( आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी